Regarding Need to start operation of international flight services from Raja Bhoj International Airport, Bhopal, Madhya Pradesh- Laid

श्री आलोक शर्मा **(**भोपाल**) :**भोपाल स्थित राजा भोज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा वर्ष 2011 से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के संचालन के लिए तैयार है । वर्ष 2024 में इसे इमिग्रेशन चेक-पोस्ट एवं कस्टम एयरपोर्ट की अधिसूचना भी प्राप्त हो चुकी है । इसके बावजूद, अब तक यहां से कोई नियमित अंतरराष्ट्रीय उड़ान शुरू नहीं हो सकी है, जिससे आमजन में असंतोष की स्थिति बनी हुई है । भोपाल देश के मध्य में स्थित एक प्रमुख राजधानी है । दुबई, सिंगापुर व अन्य अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए यहां से बड़ी संख्या में यात्री यात्रा करते हैं । वर्तमान में इन्हें अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए दिल्ली, मुंबई जैसे महानगरों पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे समय और संसाधनों की हानि होती है । अतः अनुरोध है कि भोपाल से अंतरराष्ट्रीय शिड्यूल उड़ानों के संचालन हेतु शीघ्र आवश्यक पहल की जाए, जिससे प्रदेशवासियों को सुविधा मिले तथा इस एयरपोर्ट की अंतरराष्ट्रीय क्षमताओं का पूर्ण उपयोग हो सके ।